<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारत में वायु प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई) की सह-मेजबानी में सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (सीईएमएस) पर अब तक का पहला सम्मेलन आयोजित

सीएसई ने भारत में औद्योगिक वायु प्रदूषण की प्रभावी ढंग से निगरानी करने के लिए सीईएमएस पर पहली और एकमात्र व्यापक तकनीकी मार्गदर्शन पुस्तिका जारी की है

* प्रदूषण निगरानी प्रणालियों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक रास्ता तय करने के लिए 40 देश भारत में सीईएमएस पर पहली बार हो रहे सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

* दुनियाभर के 50 से अधिक सीईएमएस निर्माता सम्मेलन में अपने उपकरण प्रदर्शित कर रहे हैं।

* सीएसई द्वारा भारत में वायु प्रदूषण स्तर की बेहतर और प्रभावी निगरानी की दिशा में सीईएमएस-सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली: 'एक तकनीकी मार्गदर्शन मैन्युअल' जारी।

नई दिल्ली, 26 सितंबर, 2017: औद्योगिक वायु प्रदूषण की निगरानी और प्रभावी नियंत्रण के लिये इस तरह के पहले प्रयास में सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट (सीएसई), नई दिल्ली आधारित पर्यावरण अनुसंधान और वकालत संस्था द्वारा इंटरनेशनल लैबेट लिमिटेड-ब्रिटेन, सोर्स टेस्टिंग एसोसिएशन-यूके, आईईए-क्लीन कोल सेंटर-यूके और फिक्की के सहयोग से भारत में औद्योगिक उत्सर्जन की प्रभावी ढंग से निगरानी करने पर तीन दिवसीय सम्मेलन और प्रदर्शनी (26 से सितंबर से 28 सितंबर 2017 तक) का आयोजन किया है।

1997 से यूरोप में आयोजित हो रहे सीईएम कार्यक्रमों की अत्याधिक सफल श्रृंखला के अनुपालन में, सीईएम इंडिया, भारतीय विनियमन और नीति, गाइड लाइनों, कैलीब्रेशन और औद्योगिक उत्सर्जन पर गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में प्रतिनिधियों, सरकार और उद्योग के प्रतिनिधियों, निमार्ताओं और अन्य हितधारकों को गहन जानकारी प्रदान करने का प्रयास है।

सम्मेलन, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं पर भारत और दुनिया भर से केस-स्टडी पेश करने के अलावा शोधकताओं, सीईएमएस के विशेषज्ञ और निमार्ताओं, नियामकों, और सरकार और उद्योग के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुतिकरण और बातचीत के साथ स्थापना प्रक्रियाएं , डेटा हासिल करना और डेटा प्रबंधन पर कई दृष्टिकोणों की समझ प्रदान करेगा।

सीएसई द्वारा जारी रिपोर्ट हयसीईएमएस- सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली एक तकनीकि मागर्दशन पुस्तिका पर संबोधन करते हुए श्री चंद्र भूषण, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, सीएसई, ने कहा, रिपोर्ट भारत में सीईएमएस के लिए एक विस्तृत तकनीकी मार्गदर्शन है और इसका उद्देश्य इस मुद्दे पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निदेर्शों के पूरक के रूप में काम करना है। पर्यावरण मंत्रालय, वन और जलवायु परिवर्तन (एमओईएफ और सीसी) और सीपीसीबी के सीईएमएस पहल का समर्थन करने का एक प्रयास में मैनुअल (पुस्तिका) उपलब्ध तकनीकी विकल्पों, विभिन्न उद्योगों के लिए उनकी सीमाएं और उपयुक्तता, गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली, कैलिब्रेशन सहित सही स्थापना तकनीकों, उचित संचालन और रखरखाव प्रक्रियाएं, अभिप्राय की जांच और डाटा प्राप्ति और हस्तांतरण प्रणाली पर विस्तृत जानकारी प्रदान करती है।

मार्गदर्शन पुस्तिका में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की व्याख्या करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किये जाने वाले यूरोप और अमेरिका के विभिन्न नियमों और तकनीकी दस्तावेजों का भी उल्लेख किया गया है। यह मार्गदर्शन पुस्तिका उत्सर्जन को कम करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने के इच्छुक, हितधारकों के कौशल और ज्ञान के विकास में मदद करने और भारत में सीईएमएस के उचित और सफल क्रियान्वयन को प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है|

सीईएमएस पर सीएसई की मार्गदर्शन पुस्तिका (मैनुअल) की मुख्य विशेषताएं:

* एक परिचय

सीईएमएस और इसके लाभों की सामान्य अवधारणाएं

* नमूनाकरण (सैंपलिंग) तकनीक

स्टैक से उत्सर्जन की निगरानी की विभिन्न नमूनाकरण तकनीकों का विवरण

* विशिष्ट निगरानी के लिए विधियां

फ्लू गैस में धूल की निगरानी के लिए विभिन्न तकनीकों को सूचीबद्ध और समझाया गया है

* निरंतर अत्याधिक उत्सर्जन निगरानी

फ्लू गैस में प्रमुख गैसीय प्रदूषण नियंत्रण के लिए विभिन्न तकनीकों की व्याख्या

* अन्य गैर मानदंडों की निगरानी करना

इन मापदंडों में गैस प्रवाह दर, अल्ट्रासोनिक प्रवाह निगरानी और पाट्यूट ट्यूब शामिल हैं

* नियामक आवश्यकताएं

भारत, यूरोप और अमेरिका में सीईएमएस के कार्यान्वयन की आवश्यकता समझाना

* चयन

विभिन्न उद्योगों में उपयुक्त सीईएमएस प्रौद्योगिकी चयन के लिए एक तैयार गाइड

* स्थापना आवश्यकताएं

उपकरणों को कैसे और कहां स्थापित करना है, सीईएमएस इस बारे में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करता है

* गुणवत्ता आश्वासन और नियंत्रण

यूरोप और अमेरिका में विकसित सीईएमएस के लिए विकसित गुणवत्ता आश्वासन और नियंत्रण के बारे में प्रावधानों की सूची और चर्चा

* पीएम और गैसीय सीईएमएस के लिये अंशदान (कैलीब्रेशन)की आवश्यकताएं

प्रमुख देशों में चल रही कार्यप्रणाली का विवरण, और भारत में इसी प्रकार के दिशा-निदेशों का पालन करने की आवश्यकता

* डेटा प्राप्ति और संचालन व्यवस्था

यूरोप और अमेरिका में विकसित, सिद्धांत, प्रक्रिया और इसके संचालन के लिए प्रथाओं का विवरण और भारत में प्रावधान

कार्यक्रम के एक भाग के रूप में बाजार में उपलब्ध नवीनतम सीईएम उत्पादों और सेवाओं और उनके उपयुक्तता पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदर्शित करने और प्रदान करने के लिए सम्मेलन के समानांतर चलने वाली, सीईएम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उपकरण निमार्ताओं और आपूर्तिकताओं की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है। सम्मेलन में भाग लेने वाले सीईएमएस निमार्ताओं में एंकरमीड सैंपलिंग, एपेक्स इंस्ट्रूमेंट्स,

एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजी पब्लिकेशन्स, एनवाइरविनमेंट एसए ग्रुप, फिविज पिलार्ड, फोकस फोटोनिक्स, फोर्ब्स मार्शल, गैसमैट टेक्नोलॉजीज (एशिया), एलएनआई स्विसगास, एम एंड सी टेक ग्रुप, नेवको इंजीनियर्स, पॉल्यूशन एसआरएल, प्राइमा एक्विपमेंट स्पैन्टेक प्रोडक्ट्स, टर्नकी इंस्ट्रूमेंट्स भी शामिल हैं।

आगे का रास्ता:

अगले दिनों में, प्रसिद्ध उद्योग समूहों जैसे टाटा पावर, लिंड ग्रुप, अनुसंधान संगठन जैसे फिनलैंड का वीटीटी तकनीकी अनुसंधान केंद्र, अग्रणी पर्यावरण संगठन सम्मेलन में भाग लेंगे और दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन उन अद्वितीय प्लेटफार्मों में से एक होगा, जो प्रत्येक डोमेन के प्रतिनिधियों को एक साथ लाकर सकारात्मक चर्चा को बढ़ावा देगा, जो कि ह्यतैयारह्ण समाधान मॉडल का उपयोग प्रस्तुत कर सीईएमएस मॉडल को सफल बनाने में शामिल होगा।

साक्षात्कार और किसी भी अन्य विवरण के लिए, कृपया सीएसई मीडिया संसाधन केंद्र के वृंदा नगर से संपर्क करें ,vrinda.nagar@cseindia.org / 9654106253.

अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें www.cseindia.org